

श्री. शांतिलालजी मुथ्था
संस्थापक, BJS

# BJS eबुलेटीन 2020

Edition 24, 28th April 2020

JAINS FOR INDIA
BJS
Bharatiya Jain Sanghatana


## संपादक की कलम से



प्रिय स्नेहीजन,

कोरोना वायरस से सरकार व कोरोना वॉरियर्स सभी डट कर मुकाबला कर रहे हैं. हालांकि संग्राम लंबा होता जा रहा है किन्तु यह विश्वास हम सबका है कि जीत निश्चित है. इस संग्राम में ऐसे अनेक मोर्चे हैं जिन पर भी मुकाबला जरूरी है. एसे ही एक मोर्चे पर लड़ लेने का भारतीय जैन संघटना ने निर्णय लिया . 1 अप्रेल से आपके द्वार मोबाईल सेवा फ़ोर्स मोटर्स तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से महाराष्ट्र के अतिरिक्त कर्नाटक और तामिलनाडु में भी प्रारम्भ की गई. जिसका सचित्र विवरण पेज क्रमांक 3 पर प्रकशित कर रहे हैं.

BJS Family Summit face book live page पर 24 अप्रेल को INDIA - NEXT GLOBAL BUSINESS HUB विषय पर Shri Sanjeev Rajmal Jain, MD Ratan Sajan Diamonds, Dubai ने संवाद प्रस्तुत किया, जिसे लिपिबद्ध कर आप सभी साथियों के पठन हेतु इस अंक में प्रकाशित कर रहे हैं.

**निरंजन जुंवा जैन**
सदस्य - BJS राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति




**BJS FAMILY SUMMIT** Live Face book Series
DAY 24
April 24

# India - Next Global Business Hub



**Shri Sanjeev Rajmal Jain is MD of Ratan Sajan Diamonds, Dubai. Former President - JSG Dubai and Former Chairman - JSG Overseas. He is overseas Representative of BJS**

भारत में कोविड-19 अवधिकाल के पश्चात व्यावसायिक चित्र कैसा रहेगा? कौनसे व्यावसायिक क्षेत्र ठीक ठाक रहेंगे? व्यावसाय के कौन से क्षेत्र होंगे जो कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित रहेंगे और मुश्किलों का सामना करेंगे.

अभी हम देख ही रहे हैं कि परिवहन व्यवसाय पर इसका सर्वाधिक खराब असर है. हवाई, रेल और सड़क यातायात कब तक बंद रहेगा? फिलहाल कुछ भी कहना संभव नहीं है. अन्तर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा में नए प्रतिबंध व कोरोना से सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से नए नियम व उनके कड़क पालन आदि सामने आएंगे. 9/11 की आतंकवादी घटना के बाद जो safety measures introduce हुए वे आज तक चल रहे हैं. सोश्यल डिस्टेन्स का पालन कोरोना के बाद भी चलता रहेगा. Tourism Industry पर इसका सर्वाधिक असर होगा और अनुमान है कि एक वर्ष से अधिक समय तक रहेगा.

भारत के इतिहास पर दृष्टिपात करें. 1526 से 1793 तक मुग़ल शासन और 1793 से 1947 तक ब्रिटिश राज रहा. देश स्वतंत्र हुआ किन्तु 1991 तक लाइसेंस राज रहा. कुछ ही लोगों या घरों को आयात-निर्यात की अनुमति दी जाती थी. इस काल को इंस्पेक्टर राज के नाम से जाना जाता है. 1991 में भारत की अर्थव्यवस्था को reserves को लेकर बड़ा झटका लगा था. देश को डॉलर्स की आवश्यकता थी, बांड जारी किए गये, जिसे NRI ने समर्थन देकर देश की सहायता की. उस समय के तत्कालीन वित्त मंत्री श्री मनमोहन सिंह ने अवसर का उपयोग करते हुए अर्थव्यवस्था में अनेक सुधार (Reforms) किये. इंस्पेक्टर राज समाप्त किया गया और मुक्त व्यापार की प्रथा प्रारम्भ हुई. कस्टम ड्यूटी घटाई गई. चीन ने 1978 में मुक्त बाजार में प्रवेश किया था. हम उनसे बहुत ज्यादा पीछे नहीं हैं. 1998 में भारत ने परमाणु परीक्षण किया जिसकी वजह से अमेरिका व जापान आदि ने अनेक प्रतिबंध हम पर लगाए. 2014 में सरकार बदली. नए आर्थिक एजेंडा में रोजगार के अवसर बढ़ाने व स्वदेशी उत्पादों को उन्नत करने की बात कही गयी. समानांतर अर्थव्यवस्था को समाप्त करने हेतु नोटबंधी की गई, जो अर्थव्यवस्था में पनप रहे फोड़े ( tumor) को निकालने का उपक्रम था. लोगों को तकलीफ हुई किन्तु लगता है यह सरकार का सही निर्णय रहा, अवमूल्यन नहीं हुआ और अर्थव्यवस्था मज़बूत हुई.

द्वितीय विश्वयुद्ध के समय अनेक विष्कार हुए जैसे रडार, tropidoz तथा court

Contd...


दिए लिंक को क्लिक करे
https://youtu.be/Ul0nBYobXJ8
https://youtu.be/1XPN-upJQWk
BJS द्वारा संचालित आपके द्वार मोबाइल डिस्पेंसरी सेवा पर एक विडिओ फ़िल्म देखें

tracing, जो युद्ध समाप्त करने में सहायक सिद्ध हुए. कोविड-19 के समय उपचार, टीका (Vaccine), परीक्षण व contact tracing आदि इस तरह के अनेक अविष्कार होंगे. भारत को इस क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय की उसकी भूमिका को शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित करना होगा.

अभी कोरोना काल में विकसित देशों के मुकाबले भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति काफी बेहतर है. स्टॉक मार्केट चढ़ उतरकर सामान्य स्थिति में लगता है जो अर्थव्यवस्था के मज़बूत होने का संकेत है. दुनियाँ के अनेक देश जो चीन के रवैये से खुश नहीं हैं, वहां से उनके संस्थान हटाना चाहेंगे या नया निवेश वहां नहीं करेंगे. यह भारत के लिए शुभ संकेत है जो देश जे लिए reset the button के समान होगा. भारत को less government & more governess की नीति विदेशी निवेशकों हेतु अपनानी होगी. नए transperant reforms लाने होंगे. Make in India के तहत बड़ी आशास्पद संभावनाएं नज़र आती हैं. दक्षिण एशिया क्षेत्र में भारत निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प है. निवेश हेतु अनेक देशों की निगाहें भारत पर है. बड़ी और नामी अन्तर्राष्ट्रीय परामर्श संस्थाओं की रिपोर्ट भी भारत को most favoured nation के रूप चित्रित कर रही हैं.

चीन के बाद भारत जनसंख्या में 130 करोड़ के साथ दूसरे क्रम पर है. ज्यादा जनसंख्या किसी भी देश के लिए बड़ी समस्या समान होता है, बावजूद इसके भारत दुनियाँ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में 5वें क्रम पर है. इस वर्ष विकास दर(GDP) घटेगी किन्तु यह सामान्य स्थिति प्राप्त कर लेगी यही भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषता है. अनुमान है कि Covid-19 काल के पश्चात सरकार fiscal gap की आपूर्ति के लिए भारतीय बैंको से ऋण लेगी जिससे देश के व्यवसाईयों के लिए advancing में कटौती की संभावनाएं रहेंगी. इससे भारतीय व्यवसाईयों को सजग रहना होगा.

भारत युवाओं का देश है. युवाओं की औसत आयु 35 वर्ष है. युवा देश की एक बड़ी शक्ति है. दूसरी महत्वपूर्ण बाबत भाषा है. भारत में युवा वर्ग को अंग्रेज़ी का ज्ञान होना, सामान्य सी बात है. भारतीय गांवों में भी अंग्रेज़ी बोलने व समझने वाले मिल जाते हैं, जो विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने हेतु पर्याप्त कारण रहेगा. चीन में अब नई पीढ़ी जो स्कूल में पढ़ रही है, अंग्रेज़ी पढ़ रही है, किन्तु उनके शिक्षा प्राप्त कर बाहर आने में 15 वर्ष लगेंगे. भारत को उसके युवा वर्ग का और भाषा का अतिरिक्त लाभ मिलेगा. देश में internet 35% लोग प्रयोग करते हैं. यहां इंटरनेट की prizing भी अन्य देशों के मुकाबले काफी कम है. इंटरनेट प्रयोग देश के विकास में बढ़ाने की जरूरत है. देश चीन के साथ व्यापार में प्रति वर्ष 75 बिलियन डॉलर का आयात करता है जबकि निर्यात मात्रा 17 बिलियन डॉलर है. यह देश के हित में नहीं है. सोचिए, कितनी चीन की वस्तुएं हमारे घर परिवार में हैं. हमें स्वदेशी पैटर्न अपनाने की जरूरत है.

भारत IT इंडस्ट्री में विश्व में अग्रणी है. चीन उत्पादन में और भारत ऑफिस में आगे है. एक समय था कि देश का युवा technocrate विदेश चला जाता था, जिसे brain drain कहा जाता है. अब परिस्थितियां बदली हैं. लोग वापस भी आ रहे हैं. कोविड-19 महायुद्ध की परिस्थितियों में जब अनेक देशों की अर्थव्यवस्था crash हो रही है, face book और Reliance JIO के मध्य हुआ करार, सुदृढ़ भारतीय अर्थव्यवस्था का संकेत है. यह करार अनेक बड़े अवसर लेकर आरहा है. IT क्षेत्र को अतिरिक्त विकास मिलेगा और इस विकास में छोटे व्यापारियों को हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा. Service Sector में भारत विश्व में अग्रणी है. Startups के लिए जो Eco System देश में उपलब्ध है वह विश्व का तीसरे क्रम का सर्वाधिक बड़ा है. सबसे बडा अवसर defence में सॉफ्टवेयर विकसित करने का मिल सकता है. चीन में google, facebook, whatsap काम नहीं करता, जबकि भारत में हम इनके प्रयोग के आदि हैं. यदि हमारा अपना सिस्टम होता तो हमारा data सुरक्षित रह सकता था, जो समय की मांग भी है.

Diamond Cutting का 75% बाजार भारत के पास है. Two wheelers का सबसे बड़ा उत्पादक भी भारत है. फार्मा उद्योग के लिए अत्यंत ही आशास्पद समय है. BCG vaccine, मलेरिया ड्रग्स आदि बहुत ही वाजबी दर पर निर्यात होती है जो हमारी ताकत है. भारत रुई का सबसे बड़ा उत्पादक देश है. टेक्सटाईल में गार्मेंट निर्यात के बढ़ने की संभावना आधिक रहेगी. इस क्षेत्र में व्यवसाईयों को focus करने की जरूरत रहेगी, तब ही हमारी डॉलर की आवश्यकता की पूर्ति होगी.

हम निर्यात अधिक से अधिक करें, यही हमारा एक मात्र उद्देश्य होना चाहिए. भारत की revenue 475 बिलियन डॉलर की है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ता दर्शाता है. देश का आयात 514 बिलियन डॉलर है जबकि निर्यात 313 बिलियन डॉलर है. 200 बिलियन डॉलर का deficit है. यही कारण है कि डॉलर के सामने रुपये का अवमूल्यन होता रहता है. इस trade deficit को रोकने हेतु हमें ध्यान देना होगा.

कोविड 19 के विरुद्ध भारत सरकार द्वारा लाखों लोगों को बचाने के प्रयास, देशवासियों के लिए उसके नज़रिए का द्योतक है. हमें घरों में रहकर लॉक डाउन नियमों का पालन करते हुए, सरकार को कोविड-19 से लड़ने हेतु हमारा पूर्ण सहयोग करना चाहिए.

# आपके द्वार BJS मोबाईल डिस्पेंसरी सेवा

**मुख्य केंद्र बिंदु**

- 1 अप्रेल, 2020 से सेवा प्रारम्भ
- पुणे, पिम्परि, चिंचवड से शुरुआत
- मुम्बई और महाराष्ट्र के अनेक शहरों में हुआ विस्तरीकरण
- कर्नाटक और तामिलनाडु के अनेक शहरों में सेवा हुई शुरु
- 1 लाख से अधिक रोगियों का हुआ इलाज
- 1000 से अधिक रोगी कोरोना शंकास्पद, भेजे गए सिविल हॉस्पिटल
- फ़ोर्स मोटर्स एवं अन्य संगठनों का सहयोग
- यह एक ऐसा अभियान जो विपदाओं में समाजजन हेतु आवश्यक
- सेवा प्रारम्भ करने हेतु सरकार से आवश्यक अनुमति ली गई
- सरकारी दिशा निर्देश मास्क, सैनिटाइजर, डिस्टनसिंग का पूर्ण पालन
- रोगियों की जांच के लिए प्रत्येक डॉक्टर द्वारा व्यक्तिगत उपकारणों का प्रयोग

BJS Bharatiya Jain Sanghatana



## BJS - FORCE MOTORS MOBILE DISPENSARY SEVA

FORCE MOTORS

### Mobile Dispensary Seva City Wise National Report

(01-Apr-20 To 26-Apr-20)

| Sr. No | City | Date Initiated | Number Of Vans Used | Number Of Patients Treated | Patients Referred To Govt. Hospital |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pune | 1-Apr-20 | 46 | 64,951 | 1,021 |
| 2 | Pimpri Chinchwad | 4-Apr-20 | 4 | 7,320 | 36 |
| 3 | Rajgurunagar | 6-Apr-20 | 2 | 5,072 | 2 |
| 4 | Bijapur | 7-Apr-20 | 1 | 931 | 2 |
| 5 | Nashik | 7-Apr-20 | 3 | 2,743 | 9 |
| 6 | Solapur | 7-Apr-20 | 1 | 534 | 0 |
| 7 | Erode | 9-Apr-20 | 2 | 16,059 | 0 |
| 8 | Sangli | 13-Apr-20 | 1 | 1,094 | 0 |
| 9 | Gangapur | 15-Apr-20 | 1 | 1,141 | 0 |
| 10 | Vaijapur | 15-Apr-20 | 1 | 1,233 | 0 |
| 11 | Aurangabad | 16-Apr-20 | 1 | 945 | 0 |
| 12 | Shindkhed | 16-Apr-20 | 1 | 1,279 | 0 |
| 13 | Washim | 16-Apr-20 | 1 | 2,682 | 0 |
| 14 | Shirur Anantpal | 17-Apr-20 | 1 | 310 | 0 |
| 15 | Ratnagiri | 18-Apr-20 | 1 | 718 | 0 |
| 16 | Shrirampur | 20-Apr-20 | 1 | 931 | 0 |
| 17 | Dhule | 21-Apr-20 | 1 | 361 | 0 |
| 18 | Sirkali | 21-Apr-20 | 1 | 624 | 0 |
| 19 | Karjat | 23-Apr-20 | 1 | 470 | 0 |
| 20 | Ooty | 24-Apr-20 | 1 | 313 | 0 |
| 21 | Chidambaram | 24-Apr-20 | 1 | 210 | 0 |
| 22 | Cuddalore | 25-Apr-20 | 1 | 56 | 0 |
| 23 | Ahmednagar | 25-Apr-20 | 1 | 210 | 0 |
| 24 | Parbhani | 26-Apr-20 | 1 | 150 | 0 |
| 25 | Nanded | 26-Apr-20 | 1 | 35 | 0 |
| 26 | Jalna | 26-Apr-20 | 3 | 749 | 0 |
| 27 | Bangalore | 26-Apr-20 | 4 | 558 | 0 |
| | **Total** | | **84** | **1,11,679** | **1,070** |

* City Names Have Been Sorted As Per Date Of Initiation

**BJS MISSION**

**DOCTOR AT YOUR DOORSTEP**

**Free Mobile Dispensary Van Seva**

BJS Mobile dispensary seva is launched today 27th April'20 in association with BBMP Bengaluru, JITO Bengaluru, Terapanth Yuvak Parishad, Ranka Steel- Sri Babulalji Ranka, M.K.Silk-Sri Mahendraji Jiyani & Mercury Paper- Sri Mitalalji Bhansali, Late.Smt.Phoolidevi Mishrilalji Bhansali.

The inauguration took place in the graceful presence of Bengaluru Mayor Sri Gautam Kumar Makana, Deputy Mayor Sri Ram Mohan Raji, Joint Commissioner Sri Ravi Kumar Surpur, CHO Sri Vijendra Kumar, Dr Nirmala, BJS Past National President Sri Prafulla Parakh, NEC Member Sri Omprakash Lunavat, State Vice President Sri Suresh Dhoka, Bangalore Region President Sri Vinod Porwal, Bangalore Region General Secretary Smt. Sharmila Mehta & Bangalore Region Secretary Sri Ramesh Bohra.

The 11 vans would travel in different parts of the Bengaluru City to conduct doorstep health checkups of citizens and provide them treatment with free medicines. It also aims to identify new corona suspects to help stop the spread, amidst the lockdown.

Many thanks to the entire BJS Bengaluru

